# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने 35 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन बरहेट सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को नाला निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दी गयी है। कल्पना सोरेन गांडेय सीट से चुनाव लड़ेंगी।

*******************

इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने भी अपने छह उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी के प्रदेश प्रमुख संजय कुमार सिंह यादव को हुसैनाबाद निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दी गयी है। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान देवघर सीट से चुनाव लड़ेंगे। हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल के मंत्री सत्यानंद भोक्ता को इस बार टिकट नहीं दी गयी है। राष्ट्रीय जनता दल ने चतरा निर्वाचन क्षेत्र से श्री सत्यानंद भोक्ता की बहु को टिकट दी है।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा जारी किए गए प्रत्याशियों की सूची पर प्रदेश भाजपा ने कटाक्ष करते हुए इसे परिवारवाद को बढ़ावा देने वाला बताया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी, अपने भाई और अपने रिश्तेदार को टिकट दी है, जो वंशवाद है।

*******************

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि पार्टी की ओर से जारी प्रत्याशियों की यह सूची काफी संतुलित है।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री सोरेन ईचागढ़ में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

*******************

इधर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर युवाओं को धोखा देने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ छल किया है।

*******************

साहिबगंज जिले में मतदाता जागरुकता के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में आज से चक्रवात डाना का असर दिख सकता है। इस चक्रवात के कारण रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से 25 अक्टूबर तक तेज हवा के साथ भारी बारिश होने की संभावना है, जिसे लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। चक्रवात के कारण रेलवे ने मूरी के रास्ते चलने वाली नयी दिल्ली–भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस हटिया–पूरी तपस्विनी एक्सप्रेस, भुवनेश्वर–धनबाद गरीब रथ एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनों को आज से परसों तक के लिए रद्द कर दिया है।

*******समाप्त**********